श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है | By Mukesh Bagda

ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है
सुना है हारे का बन जाता तू सहारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

भटक भटक के मैं इस जग से थक गया बाबा
कदम कदम पे मुझे ठोकरों ने मारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

किसी ने देके पता तेरा मुझको भेजा है
बताया सबने बड़ा सच्चा तेरा द्वारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

हर एक चेहरे पे है मुस्कान यहाँ देखा है
तुम्हारे खाटू का बाबा अजब नज़ारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

ना तोडना मेरी उम्मीदें मेरे श्याम धणी
ये अपना जीवन कुंदन ने तुझपे वारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%97-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be/